भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 3026 #

गुरूवार, 13 अगस्त, 2026/22 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

नालंदा एवं भागलपुर में पर्यटन अवसंरचना

3026 # डा. भीम सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय और विक्रमशिला विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक विरासत को पुनर्जीवित करने तथा नालंदा एवं भागलपुर को पर्यटन और ज्ञान के विश्व स्तरीय केंद्रों के रूप में स्थापित करने के लिए किसी विशिष्ट दीर्घकालिक योजना या विशाल परियोजना पर विचार कर रही है; और

(ख) नालंदा और भागलपुर में बुनियादी पर्यटन अवसंरचना, अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्रों तथा अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने एवं विश्व भर से पर्यटकों और शोधकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा 'स्वदेश दर्शन 2.0' के अंतर्गत क्या ठोस नीतिगत पहल की जा रही हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को, योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके, पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्ताव, मास्टर प्लान आदि प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की योजना दिशानिर्देशों के अनुसार जांच की जाती है तथा ऐसे परियोजना प्रस्तावों के लिए धन की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

सीबीडीडी योजना के तहत पर्यटन विकास के लिए भागलपुर की पहचान की गई है। हालाँकि, मंजूरी आदि की अनुपलब्धता के कारण कोई भी परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

इसके अलावा, बिहार राज्य सरकार द्वारा नालंदा-राजगीर के लिए एक व्यापक गंतव्य कार्यनीति और विकास योजना तैयार की गई है।

वर्तमान में, इस मंत्रालय के अंतर्गत चल रही योजनाओं के तहत नालंदा और भागलपुर के विकास के लिए कोई भी परियोजना विचाराधीन नहीं है।

****